## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–04.10.2023 (सवेरे– 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– विकसित भारत का सपना तभी होगा साकार, जब देश का हर राज्य, जिला और गांव होगा विकसित।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज पलामू में 28 करोड़ की लागत से बने मेधा डेयरी प्लांट का करेंगे उद्घाटन, पलामू प्रमंडल के 25 हजार से अधिक पशुपालकों को होगा लाभ।
- राजधानी रांची के साथ कोल्हान, संताल और पलामू प्रमंडल समेत राज्य के कई हिस्सों में हो रही है भारी बारिश, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।
- हॉकी इंडिया ने नीदरलैंड में होनेवाले अंडर–17 टूर्नामेंट के लिए महिला और पुरुष टीमों की घोषणा की, झारखंड के पांच खिलाड़ी शामिल।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश में बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। छत्तीसगढ के जगदलपुर में कल प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में बुनियादी सुविधाओं के विकास पर खर्चा बढाकर दस लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है।

श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा जब देश का हर राज्य, हर जिला और हर गांव विकसित होगा।

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज पलामू में 28 करोड़ की लागत से बने मेधा डेयरी के मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का उद्घाटन करेंगे। पांच एकड़ की भूमि पर पलामू में स्थापित मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट अत्याधुनिक तकनीक से लैस है। मेधा डेयरी प्लांट से पलामू प्रमंडल के 25 हजार से अधिक पशुपालक किसानों को लाभ मिलेगा। वर्तमान में यहां दूध की पैकेजिंग होगी। पलामू का मेधा डेयरी प्लांट राज्य का सातवां डेयरी प्लांट है। इससे पूर्व राज्य के रांची, देवघर, कोडरमा, लातेहार, सारठ और साहिबगंज में प्रोसेसिंग प्लांट काम कर रहा है। उद्घाटन के मौके पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री बादल पत्रलेख, योजना सह वित्त विभाग के मंत्री रामेश्वर उरांव उपस्थित रहेंगे।

*********************

केंद्र सरकार ने नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा, ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स और संबंधित गुटों को गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत अवैध संगठन घोषित किया है। गृह मंत्रालय ने इन संगठनों पर पांच वर्ष के लिए प्रतिबंध लगाया है।

*********************

रांची के भूमि घोटाला में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आज पूछताछ के लिए बुलाया है। ईडी की ओर से उन्हें भेजा गया यह पांचवा समन है। पिछले चार समन पर मुख्यमंत्री पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हुए थे। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट की सलाह पर हाईकोर्ट में ईडी की कार्रवाई के विरुद्ध याचिका दायर की है। अभी तक यह मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं हुआ है।

*********************

राजधानी रांची के चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन मामले में आरोपित राजेश राय को ईडी कोर्ट से राहत नहीं मिली है। ईडी कोर्ट ने कल राजेश राय की जमानत याचिका खारिज कर दी है।

*********************

देवघर जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट–डीएमएफटी की बैठक कल उपायुक्त विशाल सागर की अध्यक्षता में हुई, जिसमें खनन प्रभावित क्षेत्रों में चल रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई।

*********************

राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना अबुआ वीर दिशोम वनाधिकार अभियान को लेकर गुमला जिले की एक सौ उनसठ पंचायतों में शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.com पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*********************

राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में आज सुबह से रूक–रूककर भारी बारिश हो रही है। वहीं पिछले चौबीस घंटे के दौरान कोल्हान, संताल और पलामू प्रमंडल समेत राज्य के कई इलाकों में भारी बारिश हुई है। मौसम विभाग ने आज के लिए बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं दूसरी ओर कल से अगले तीन दिनों तक रूक–रूक कर बारिश होगी। राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे अधिक एक सौ इक्यानबे दशमलव पांच मिलीमीटर बारिश गढ़वा के भवनाथपुर में हुई है। वहीं हजारीबाग में 126, लातेहार में 92 दशमलव 6, रांची के कांके में 84 दशमलव चार, बोकारो में छिहतर दशमलव छह, डालटनगंज में बासठ दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

*********************

राम जानकी मंदिर निर्माण के पहले आमंत्रण को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से निकाली गयी। शौर्य जागरण रथ यात्रा कड़ी सुरक्षा के बीच कल शाम लोहरदगा के कुडू पहुंची, जहां यात्रा का स्वागत किया गया।

*********************

राजधानी रांची के डोरंडा स्थित जैप ऑडिटोरियम में कल राज्यस्तरीय वन्यप्राणी सप्ताह का आयोजन किया गया। इस मौके पर एनटीसीए के सदस्य सचिव और भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अपर महानिदेशक डॉक्टर एसपी यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। झारखंड के प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ संजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

*********************

हॉकी इंडिया ने नीदरलैंड में नौ से सोलह अक्टूबर तक खेले जाने वाले अंडर–17 टूर्नामेंट के लिए महिला और पुरुष टीमों की घोषणा कर दी है। इन दोनों टीमों में झारखंड के पांच खिलाडियों को शामिल किया गया है। अंडर 17 भारतीय महिला हॉकी टीम में झारखंड की तीन खिलाड़ी स्वीटी डुंगडुंग, पार्वती टोपनो और रजनी केरकेट्टा को शामिल किया गया है, वहीं पुरुष टीम में घुरन लोहरा और रोहित तिर्की को टीम में जगह दी गई है।

*********************

हांगचोओ एशियाई खेलों में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी है। खेलों के दसवें दिन कल भारत को दो स्वर्ण, दो रजत और पांच कांस्य पदक मिले हैं। पदक तालिका में भारत 15 स्वर्ण, 26 रजत और 28 कांस्य पदकों के साथ कुल 69 पदक लेकर चौथे स्थान पर है।

एथलेटिक्स में महिलाओं की जेवलिन थ्रो में अनुरानी ने और पांच हजार मीटर दौड में पारूल चौधरी ने स्वर्ण पदक जीता।

*********************

अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित होनेवाले अधिकांश अखबारों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपे जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है – सीएम ने सैंतालीस इंजीनियरों और छियालीस लिपिकों को सौंपा नियुक्ति पत्र।

हिन्दुस्तान लिखता है – नियमित भर्तियों से युवाओं को सरकारी नौकरी।

दैनिक जागरण ने लिखा है – सरकारी विभागों में जल्द होगी बड़ी नियुक्तियां।

दैनिक भास्कर ने बिहार में जाति आधारित गणना की रिपोर्ट पर मुख्यमंत्री नितिश कुमार के बयान की खबर को प्रमुखता दी है।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स तथा रांची एक्सप्रेस ने एक न्यूज वेबसाईट के ठिकानों पर छापेमारी की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

***************